एक टोली जिसने रोमी सेना अधिकारी और उसके साथियों को यीशु के बारे में जानने में सहायता की।

बच्चो के लिए कोई भी गतिविधियाँ चुनिए।

प्रार्थनाः प्यारे परमेश्वर, हमारे बच्चों की सहायता करें कि वह एक साथ काम करें, प्रेम से एक दूसरे की मदद करें, जब वह आपकी और दूसरे लोगों की सेवा करते हैं।

कोई बड़ा बच्चा या अध्यापक प्रेरितों के काम अध्याय 10 से कुरनेलियुस में पढ़ें या बताए। एक अधिकारी जिसने रोमन सैनिको की अगुवाई की। यह कहानी हमें बताती हैं कि कैसे पतरस और उसके सहकर्मियों ने वाफा से एक साथ काम करके पहली नास्तिक विश्वासियों की कलिसिया को दूसरे शहर में शुरू किया। कहानी सुनाने के बाद, यह प्रश्न पूछें *(हर एक प्रश्न के बाद उत्तर है)*

- कुरनेलियुस किस तरह का व्यक्ति था *(देखें पद 2)*
- कौन से टोली सदस्य थे जो पतरस के साथ कुरनेलियुस को यीशु के बारे में बताने गए *(देखें पद 23)*
- परमेश्वर ने स्वप्न में पतरस को नास्तिक लोगों के लिए पतरस के किस रवैये की शिक्षा दी। *(गैर यहूदी) (देखें पद 28)*
- कुरनेलियुस के साथ वचन सुनने का इन्तजार कौन कर रहा था *(देखें पद 24)*
- कुरनेलियुस और उसके समूह पर पवित्र आत्मा कितनी जल्दी उतरा *(देखें पद 24)*
- कितनी जल्दी उनका बपतिस्मा हुआ *(देखें पद 48)*

प्रेरितो के काम अध्याय 10 से पतरस और कुरनेलियुस की कहानी का **नाटक प्रस्तुत करें।**

- मुख्य आराधना कलीसिया के अगुवों द्वारा बच्चों को नाटक प्रस्तुत करने का प्रबन्ध करें।
- नाटक के सारे भाग नहीं करने हैं।
- बच्चों को नाटक तैयार करने में अपना समय दें।
- बड़े बच्चे तैयारी में छोटे बच्चों की सहायता करें।
- बड़े बच्चे और वयस्क वर्णनकर्त्ता, कुरनेलियुस पतरस और परमेश्वर की वाणी का पात्र करें। परमेश्वर की वाणी एक तय की हुई चादर लिए हो।
- जवान बच्चे पतरस के स्वप्न में आए जानकर, विश्वासी और दो सैनिक का अभिनय करें। सैनिक बड़ी डंडी हाथ में ले जो भाले लगते हो।
- जो लोग नाटक देख रहे हैं वह कुरनेलियुस के मित्र बने।

वर्णनकर्त्ताः प्रेरितों के काम अध्याय 10:1-8 से कहानी का पहला भाग सुनाए और कहें "कुरनिलियुस शक्ति से प्रार्थना कर रहा है, सुनो परमेश्वर उससे क्या कहता है।

परमेश्वर की वाणीः कुरनेलियु, मैंने तेरी प्रार्थना सुनी है। मैंने तेरी सेवा को भी देखा है। जा और मेरे सेवक पतरस की तालाश कर।

वर्णनकर्त्ताः प्रेरितो के काम अध्याय 10:9-23 से कहानी दूसरा भाग बताएँ फिर कहें "पतरस शान्ति से प्रार्थना कर रहा है, सुनो परमेश्वर उससे क्या कहता है।

परमेश्वर की वाणी: चादर को ऊँचा पकड़ो कि सब देख सकें। फिर इसको फर्श पर फैला दो। आगे कहें, "पतरस, मैं जानता हूँ तू भूखा है। इन जानवरो को मारो और खाओ।

जानवर: हाथों और घुटनो के बल रेंगते हुए। कुछ सुअरों की तरह ऊँची आवाजें करते, हुए और कुछ सांप की तरह फुकारते हुए।

पतरस: नहीं प्रभु नहीं। सुअर और साँप को खाना हमारे यहूदी रीति रिवाज को तोड़ना है।

परमेश्वर की वाणी: किसी चीज़ को अस्वच्छ न कहो, जिसे मैंने स्वच्छ बनाया है। मारो और खाओ।

पतरस और परमेश्वर की वाणी पतरस ने दो बार फिर कहा वह अस्वच्छ मीट नहीं खा सकता। हर बार परमेश्वर की वाणी ने उत्तर दिया, मैंने जानवरों को स्वच्छ बनाया है। मारो और खाओ।

सैनिक: पतरस के पास जाकर कहते हैं, कुरनेलियुस के पास चलो जिसका घर कैसरिया में है।

पतरस: परमेश्वर ने मुझे तुम्हारे साथ जाने को कहा है, हालाकि मेरी संस्कृति इस बात से मना करती है कि मैं कुरनेलियुस जैसे नास्तिक के घर जाऊँ। अन्दर आइए और रात यहीं गुजारें।

विश्वासी: पतरस, हम भी यीशु में विश्वास करते हैं। हम तुम्हारी सहायता के लिए तुम्हारे साथ कैसरिया चलते हैं।

वर्णनकर्त्ता: प्रेरितो के काम अध्याय 10: 24-48 से कहानी का तीसरा भाग बताएँ फिर कहे, आप सब जो यह नाटक देखे रहे हैं, कुरनेलियुस के परिवार और मित्रो का प्रतिनिधित्व करें। सुनो पतरस क्या कहता है।

पतरस: कुरनेलियुस, तुम हमारे पास भेजे गए हो कि तुम्हें यीशु के बारे में बताएँ। परमेश्वर ने मुझे स्वप्न में कहा कि उसने तुम्हें और तुम्हारी संस्कृति को स्वीकार किया है। यीशु मरा और फिर मुर्दो मे से जी उठा, तुम्हें बचाने के लिए।

कुरनेलियुस: पवित्र आत्मा ने हमको प्रभावित किया कि हम पापी हैं और हमें यीशु की आवश्यकता है।

पतरस: कुरनेलियुस के दोस्तो की तरफ इशारा करते हुए (सब लोग जो नाटक देख रहे हैं) कहता है, देखो भाइयो, उन्होंने पवित्र आत्मा पा लिया है! हमें अब उन्हें बपतिस्मा देना चाहिए।

वर्णनकर्ता और बड़ा बच्चा: प्रत्येक की सहायता के लिए धन्यवाद।

यदि बच्चे बड़ों के लिए **नाटक प्रस्तुत करना चाहते हैं** तो वह बड़ों से ऊपर दिए गए प्रश्न पूछें।

एक सूअर का **चित्र बनाएँ।** बच्चे इसकी नकल करे और आने वाली आराधना में बड़ों को दिखाएँ। वह यह व्याख्या कर सकते हैं कि परमेश्वर कैसे हर संस्कृति से लोगो को बचाता है, चाहे वह कुछ भी खाते हों

बच्चों से कहो वह दूसरा उदाहरण देकर उन बातों को, जिनके द्वारा दूसरी संस्कृति के लोगों और जाति के बीच यीशु के बारे में बताना मुश्किल है। बच्चे उदाहरण दें।

बड़े बच्चे रोमन सैनिक का चित्र बनाए (इस अध्ययन का पहला पृष्ठ देखें) यह याद दिलाने के लिए कि कुरनेलियुस कैसा भला आदमी था जिसने अपने दोस्तों की यीशु को जानने में सहायता की।

2 इतिहास 16:9 (पहला भाग) याद करें क्योंकि यहोवा की आँखें समस्त पृथ्वी पर फिरती रहती है कि जिनका हृदय सम्पूर्ण रीति से उसका है

कविता: चार बच्चे भजनसंहिता अध्याय 67:1,2,3 और 4 दोहराए।

बड़े बच्चे सप्ताह के बीच कविता, गाना या लघु नाटक लिखें। हम कैसे एक साथ टोली के बारे में दूसरी संस्कृति के लोगो ंको यीशु के बारे में बता सकते है।

प्रार्थना: प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं कि आपने हर देश के लोगो को पाप और मृत्यु से बचाया। हमारी सहायता करे उन्हें प्रेम करने और यीशु के विषय में बताने में, चाहे वह हमसे भिन्न संस्कृति के हो।